नर सेवा नारायण सेवा

# स्वामी विवेकानन्द हैल्थ मिशन सोसाइटी

## तिमाही वृत्तांत

अक्टूबर– दिसम्बर 2025




सोसाइटी के पन्द्रहवें चिकित्सालय का लोकार्पण

सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः

https://www.twitter.com/svhmuk
https://www.facebook.com/svhmu
https://www-instagram.com/svhmuk/
https://www.svhmuk.in
svhmuk@gmail.com

"सबसे बड़ा धर्म है अपने स्वभाव के प्रति सच्चे होना, स्वयं पर विश्वास करो।"

-स्वामी विवेकानन्द

# संपादक की कलम से

नित्यप्रति की भांति यह तिमाही भी स्वामी विवेकानन्द हैल्थ मिशन सोसाइटी के लिए अनेक उपलब्धियों एवं नवाचारों से सुशोभित और अलंकृत रही और अपने मानव सेवा के पथ पर सतत प्रयासरत सोसाइटी अपने प्रकल्पों और उनमें उपलब्ध सुविधाओं और सेवाओं के विस्तार और उन्नतिकरण की दिशा में कदम बढ़ाती रही।

इसी गौरवपूर्ण तिमाही में सोसाइटी ने लाल ढांग, हरिद्वार में एक और नवीन चिकित्सालय समाज को समर्पित कर अपने द्वारा संचालित चिकित्सालयों की संख्या पंद्रह कर ली। राजा जगतदेव सिंह स्मारक चिकित्सालय नाम का यह स्वास्थ्य केंद्र हरिद्वार से 30 किलोमीटर दूर बुक्सा जनजातीय बहुल क्षेत्र में स्थापित किया गया है एवं इस पिछड़े व उपेक्षित अंचल के निवासियों लिए अत्यंत लाभप्रद साबित होगा।

इस तिमाही की एक मुख्य ईश्वरीय उपलब्धि रही नवम्बर माह की 25 तारीख को प्रभु श्री राम–जानकी विवाह पंचमी के पावन पर्व पर धर्मावाला चिकित्सालय परिसर में स्थित मृत्युंजय महादेव मंदिर के शिखर पर प्रभु हनुमान जी की पवित्र पताका का आरोहण। इस दैवीय कार्य ने चिकित्सालय में उपस्थित समस्त भक्तजनों को एक अलौकिक अनुभूति करायी और सारे वातावरण को आराधनामय कर दिया।

एक अन्य महत्वपूर्ण परिप्राप्ति रही धर्मावाला चिकित्सालय के हड्डी रोग विभाग द्वारा संपादित की गयी प्रथम सफल घुटना प्रत्यारोपण सर्जरी, अत्यंत ही न्यूनतम व्यय पर एकसाथ चार रोगियों के लिए निष्पादित की गयी यह प्रत्यारोपण सर्जरी इन सामाजिक व आर्थिक रूप से अशक्त रोगियों के लिए वरदान समान रही।

अपने डॉक्टर्स व स्टाफ के ज्ञान और कौशल को विस्तृत और अद्यतन करने के उद्देश्य से सोसाइटी सी.एम.ई. (CME - Continuing Medical Education) कार्यशालाओं का नियमित आयोजन करती आ रही है। इसी सन्दर्भ में इस तिमाही में ऐसी ही दो राष्ट्रीय स्तर कि कार्यशालाओं का धर्मावाला चिकित्सालय में सफलतापूर्वक आयोजन किया गया जिसमें पहली एडवांस नर्सिंग वर्कशॉप इन क्रिटिकल केयर 3 व 4 नवम्बर को आयोजित की गई। दूसरी कार्यशाला दिनांक 13 एवं 14 दिसम्बर को आयोजित की गयी। यह दो दिवसीय कार्यशाला पॉइंट ऑफ केयर अल्ट्रासाउंड (POCUS) इन क्रिटिकल केयर एवं इकोकार्डियोग्राफी पर आधारित थी जिसमें नवीनतम चिकित्सा पद्धतियों, तकनीकों और शोधों के बारे में जानकारी दी गई ।

सोसाइटी अपनी चिकित्सीय उपचारात्मक सेवाओं के साथ साथ रोग के रोकथाम से सम्बंधित पहल भी संपादित करती रहती है। इसी उपक्रम के अंतर्गत दिनांक 5 अक्टूबर को धर्मावाला चिकित्सालय में एक दिवसीय निःशुल्क टीकाकरण शिविर का सफल आयोजन कर 9 से 20 वर्ष तक की किशोरियों को सर्वाइकल वैक्सीन दी गई, जिससे वे भविष्य में होने वाले सर्वाइकल (गर्भाशय ग्रीवा) कैंसर से सुरक्षित रह सकें। यह अभियान भी इस तिमाही की एक उल्लेखनीय उपलब्धि रही।

इस तिमाही में भी विभिन्न उत्सवों में विजयादशमी, शरद पूर्णिमा व दीपवाली पूरे आमोद प्रमोद से मनाये गए और इनके मधुर आयोजन से सोसाइटी परिवार में स्वजनता और अपनत्वता की भावना और प्रबल हुयी।

सोसाइटी ने चिकित्सीय कार्यों के साथ साथ पाठ्येतर गतिविधियों को भी सदैव अपनी कार्यकलापों में समाहित किया है जिससे की स्टाफ में अनुशासन, दृढ़ता और नेतृत्व जैसे महत्वपूर्ण कौशल का विकसित होता है और कार्यस्थल का वातावरण सकारात्मक बनता है, इसी क्रम में दिसम्बर के अंतिम सप्ताह में धर्मावाला चिकित्सालय में द्वितीय क्रिकेट लीग का मनोविनोद आयोजन किया गया। रोमांच एवं उल्लास से परिपूर्ण इस आयोजन में सभी डॉक्टर्स और स्टाफ ने उत्साहपूर्वक भाग लिया व अपने क्रीड़ा कौशल का प्रदर्शन दिया।

आने वाली तिमाही और नवीन उपलब्धियां लेकर आएगी और हमारे इस प्रकल्प को और अधिक सुदृढ़ और सशक्त करेगी ऐसे अनेक आशाओं के साथ सभी सम्मानित भद्रजनों को सोसाइटी परिवार की ओर से विनीत नमन।

**आचाराद् रोचते विद्या, विद्यया रोचते कुलम्।**
**कुलाच्च रोचते ग्रामो, ग्रामाद् देशो विरोचते।।**

स्वामी विवेकानन्द हैल्थ मिशन सोसाइटी
ॐ नर सेवा नारायण सेवा ॐ

## अनुक्रमणिका

03
हमारे धर्मार्थ चिकित्सालय

04-08
तिमाही विशेष

09
प्रवास विशेष

10-11
विशेष चिकित्सा शिविर

12-13
मल्टी डिसिप्लिनरी शिविर

14
सामुदायिक स्वास्थ्य शिविर

15
सामुदायिक कार्यक्रम

16-17
समारोहों की झलकियां

18-19
आंकड़े

**संपादकीय एवं रूपांकन टोली**
डॉ. ताराश्री सिंघल
डॉ. दीपक सिन्हा
श्रीमती स्वाति नायर

# हमारे धर्मार्थ चिकित्सालय



**धर्मावाला**
सितम्बर 2012




**उत्तरकाशी**
दिसम्बर 2016



**नारायणकोटी**
मई 2017



**बड़कोट**
सितम्बर 2017




**पीपलकोटी**
जनवरी 2018



**श्री बद्रीनाथ धाम**
मई 2019



**पेटशाल**
जुलाई 2019



**श्री केदारनाथ धाम**
सितम्बर 2019



**हरिद्वार**
जनवरी 2021



**गंगोत्री धाम**
सितम्बर 2021



**डुमेट**
दिसम्बर 2021




**दिल्ली**
सितम्बर 2022



**फिरोजाबाद**
फरवरी 2024



**वृन्दावन**
जून 2024



**लाल ढांग**
नवम्बर 2025

स्वामी विवेकानन्द हैल्थ मिशन सोसाइटी का गठन सन 2012 में कुछ युवा चिकित्सकों एवं सेवाभावी लोगों के द्वारा मानव सेवा हेतु किया गया था और जिनका लक्ष्य दुर्गम, पिछड़े, पहाड़ी, ग्रामीण एवं जनजातीय क्षेत्रों व तीर्थस्थलों में उपेक्षित और शोषित वर्ग तथा तीर्थयात्रियों की सेवा करके मातृभूमि की वंदना करना और उन्हें चिकित्सीय सुविधा, शिक्षा और सामाजिक सुदृढ़ता प्रदान करना है।

सोसाइटी ने चार धाम में और उनके मार्गों में, चार धाम यात्रा पर आने वाले तीर्थयात्रियों को उच्च कोटी की स्वास्थ्य सुविधा देने के अपने संकल्प को पूर्ण करते हुए श्री बद्रीनाथ धाम, श्री केदारनाथ धाम व गंगोत्री धाम में ICU युक्त चिकित्सालयों का संचालन कर रही है, जिनमें लैब की सुविधा, डिजिटल एक्स रे, फार्मेसी इत्यादि समस्त सुविधाएं पूर्णतः निःशुल्क प्रदान की जा रही हैं। विदित हो की यह चिकित्सालय 24x7 कार्यरत हैं और इनमें कार्यरत स्टाफ high altitude sickness व उससे सम्बंधित स्वास्थ्य समस्याओं का उपचार करने के लिए प्रशिक्षित भी है।

सोसाइटी अपने धर्मार्थ चिकित्सालयों के अतिरिक्त अन्य परोपकारी कार्यों में भी योगदान कर रही है जिनमें प्रमुख है दुर्गम, पिछड़े व पहाड़ी क्षेत्रों में निःशुल्क सामुदायिक चिकित्सा शिविरों का नियमित आयोजन। इनके अतिरिक्त अन्य गतिविधियों में हैं, शिक्षा अभियान, स्वावलंबन अभियान एवं सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यक्रम। सोसाइटी द्वारा पांच सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यक्रम चलाये जा रहे है, एनीमिया की रोकथाम, नियंत्रण और उपचार कार्यक्रम, स्तन एवं ग्रीवा के कैंसर की जागरूकता,जांच एवं चिकित्सा कार्यक्रम, मासिक धर्म स्वच्छता (Menstrual Hygiene) कार्यक्रम, सामुदायिक मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम एवं मुंह एवं गले के कैंसर की जागरूकता, जांच व चिकित्सा कार्यक्रम।

सेवा पथ पर चलते हुए सोसाइटी आज कुल 15 धर्मार्थ चिकित्सालयों का संचालन कर रही है और अपने "नर सेवा नारायण सेवा" के ध्येय वाक्य को यथार्थ कर रही है।

# तिमाही विशेष

## धर्मावाला चिकित्सालय : नि:शुल्क सर्वाइकल वैक्सीनेशन कार्यक्रम

दिनांक 5 अक्टूबर 2025 को धर्मावाला चिकित्सालय में रोटरी क्लब एवं स्वामी विवेकानन्द हैल्थ मिशन सोसाइटी के संयुक्त सहयोग से आयोजित हुए इस शिविर में 9 से लेकर 20 वर्ष तक की धर्मावाला व निकटवर्ती पिछड़े और जनजातीय ग्रामों की कुल 466 किशोरियों को सर्वाइकल वैक्सीन निःशुल्क दी गई, जिससे वे भविष्य में होने वाले सर्वाइकल (गर्भाशय ग्रीवा) कैंसर से सुरक्षित रह सकें। सर्वाइकल कैंसर के अतिरिक्त इस वैक्सीन से गुदा, योनि, पेनाइल और गले का कैंसर से भी सुरक्षा मिलती है।

इस वैक्सीन से किशोरों में भी सर्वाइकल के अतिरिक्त अन्य होने वाले कैंसरों से सुरक्षा मिलती है।

युवा लड़कों के लिए भी यह वैक्सीन अत्यंत महत्वपूर्ण है क्योंकि यह एचपीवी से संबंधित कैंसर, जैसे कि लिंग, गुदा और गले के कैंसर, साथ ही जननांग मस्सों से बचाव करता है। यह लड़कों की स्वयं सुरक्षा करता है और भावी साथियों में संक्रमण के प्रसार को कम करता है, जिससे सामूहिक प्रतिरक्षा के माध्यम से महिलाओं में गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर से सुरक्षा भी मजबूत होती है।

कार्यक्रम का उद्देश्य युवा पीढ़ी, विशेषकर किशोरियों में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाना और उन्हें समय रहते कैंसर से सुरक्षा कवच प्रदान करना था। शिविर में किशोरियों ने विशेषज्ञ चिकित्सकों से स्वास्थ्य संबंधी जानकारी भी प्राप्त की। इस अवसर पर धर्मावाला चिकित्सालय के डॉक्टर्स एवं स्टाफ, रोटरी क्लब के पदाधिकारी व उनसे जुड़े चिकित्सक एवं सामाजिक कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।



**टीकाकरण होता हुआ**



**टीकाकरण हेतु उपस्थित किशोरियां**

## धर्मावाला चिकित्सालय : प्रथम चार घुटना प्रत्यारोपण सर्जरी (Total Knee Replacement)

धर्मावाला चिकित्सालय के गौरवपूर्ण अध्याय में एक और उत्कृष्ट उपलब्धि जुड़ गयी जब दिनांक 14 दिसंबर 2025 को पहली बार एकसाथ चार घुटना प्रत्यारोपण सर्जरी हिमालयन इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, देहरादून के हड्डी रोग विभाग के हेड ऑफ डिपार्टमेंट डॉ. अनिल जुयाल एवं धर्मावाला चिकित्सालय के ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ. अभिषेक गुप्ता द्वारा सफलतापूर्वक संपन्न की गईं।

प्रायः कहीं पर भी एक घुटने के प्रत्यारोपण में कम से कम डेढ़ से दो लाख रूपए का खर्च आता हैं, वहीं धर्मावाला चिकित्सालय में आयोजित हुए इस शिविर में प्रत्येक रोगी का इम्प्लांट सहित प्रत्यारोपण मात्र तीस हजार रुपए में किया गया एवं अन्य अतिरिक्त समस्त व्यय संस्था द्वारा वहन किया गया।

घुटना प्रत्यारोपण सर्जरी गंभीर आर्थराइटिस और डीजेनेरेटिव जोड़ों की बीमारी से परेशान रोगियों के लिए गुणवत्तापूर्ण जीवन शैली वापस पाने वाली प्रक्रिया है। न्यूनतम शुल्क पर यह आधुनिक सर्जरी की सुविधा देकर, चिकित्सालय समाज के आर्थिक रूप से अशक्त वर्ग को उच्च गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं सुगमता एवं सरलता से उपलब्ध कराने के अपने ध्येय के प्रति सतत प्रयत्नशील है।



**सर्जरी के दृश्य**



**रोगी चिकित्सालय की टीम के साथ**

# तिमाही विशेष

## राजा जगतदेव सिंह स्मारक चिकित्सालय, लाल ढांग, हरिद्वार का लोकार्पण

स्वामी विवेकानन्द हैल्थ मिशन सोसाइटी के पन्द्रहवें चिकित्सालय – राजा जगतदेव सिंह स्मारक चिकित्सालय, लाल ढांग (हरिद्वार) का विधिवत लोकार्पण दिनांक 1 नवम्बर को श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर स्वामी रूपेंद्र प्रकाश जी महाराज एवं श्री डालचंद जी (क्षेत्रीय संगठन मंत्री, अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम) के करकमलों द्वारा किया गया। इसे वनवासी कल्याण आश्रम व स्वामी विवेकानन्द हैल्थ मिशन सोसाइटी के संयुक्त सहयोग से स्थापित किया गया है।

उक्त चिकित्सालय हरिद्वार शहर से 30 किलोमीटर दूर वन क्षेत्र में एवं बुक्सा जनजाति बहुल पिछड़े अंचल में स्थित है। वर्तमान में यह चिकित्सालय एक डे केयर सेंटर के रूप में कार्यरत है एवं इसके अतिरिक्त हर माह के प्रथम रविवार को मल्टी स्पेशिलिटी शिविर का भी नियमित आयोजन किया जा रहा है।

लोकार्पण के अवसर पर अन्य गणमान्यजण एवं चिकित्सकगण भी उपस्थित रहे जिनमें डॉ पंकज भाटिया जी (अखिल भारतीय चिकित्सा प्रमुख, सेवा प्रकाप संस्थान), डॉ. अनुज सिंघल जी (सचिव, स्वामी विवेकानन्द हैल्थ मिशन सोसाइटी), डॉ. ताराश्री सिंघल जी (कार्यकारी निदेशक, धर्मावाला चिकित्सालय), श्री शशि पाल भनोट जी (संरक्षक, सेवा प्रकल्प संस्थान कार्यक्षेत्र हरिद्वार), श्री सी. पी. लखेरा जी (हित रक्षा आयाम प्रमुख), अनुराधा भाटिया जी (सेवा प्रकल्प संस्थान की प्रांतीय महासचिव), डॉ. संजय शाह जी (निदेशक, स्वामी रामप्रकाश धर्मार्थ चिकित्सालय, हरिद्वार), डॉ. पवन धामा जी (डॉक्टर इंचार्ज) एवं डॉ. विनोद चौहान जी (जिला महामंत्री, हरिद्वार) आदि भी उपस्थित रहे।

इस शुभ अवसर पर चिकित्सालय में निःशुल्क मल्टी स्पेशलिटी चिकित्सा शिविर का आयोजन भी किया गया, जिसमें 130 रोगियों ने लाभ उठाया।


दीप प्रज्ज्वलन


हवन व पूजा



मंचासीन अतिथिगण


चिकित्सालय भवन

# तिमाही विशेष

## धर्मावाला चिकित्सालय : दो दिवसीय एडवांस्ड नर्सिंग वर्कशॉप इन क्रिटिकल केयर

3 एवं 4 नवम्बर को आयोजित हुए इस दो दिवसीय कार्यशाला का विधिवत उद्घाटन, मुख्य अतिथि डॉ. मनीषा ध्यानी जी, रजिस्ट्रार, उत्तराखण्ड नर्सिंग एंड मिडवाइव्स काउंसिल (UKNMC), मुख्य वक्ता डॉ. नरेंद्र रूंगटा जी, क्रिटिकल केयर विशेषज्ञ, धर्मावाला चिकित्सालय, डॉ. जया कुरुविल्ला जी, प्राचार्य पी. डी. हिन्दूजा कॉलेज ऑफ नर्सिंग, मुंबई, डॉ. अनुज सिंघल जी, सचिव, स्वामी विवेकानन्द हैल्थ मिशन सोसाइटी, डॉ. प्रमोद शर्मा जी मेडिकल डायरेक्टर, धर्मावाला चिकित्सालय एवं डॉ. ताराश्री सिंघल जी, कार्यकारी निदेशक, धर्मावाला चिकित्सालय के द्वारा किया गया।

प्रशिक्षण सत्रों में सुश्री पूजा नायर जी, एसोसिएट प्रोफेसर, पी. डी. हिन्दूजा कॉलेज ऑफ नर्सिंग, मुंबई एवं सुश्री चंचल सैण जी, क्लीनिकल इंस्ट्रक्टर द्वारा क्रिटिकल केयर नर्सिंग से संबंधित तकनीकी, व्यवहारिक एवं नैदानिक पहलुओं पर विशेष प्रशिक्षण दिया गया। प्रतिभागियों को केस आधारित प्रशिक्षण, संवादात्मक सत्र एवं स्किल स्टेशन के माध्यम से आधुनिक नर्सिंग तकनीकों की गहन जानकारी प्रदान की गई।

इस कार्यशाला में प्रदेश के विभिन्न नर्सिंग महाविद्यालयों, अन्य संस्थानों व चिकित्सालयों एवं धर्मावाला चिकित्सालय सहित कुल 130 नर्सिंग स्टाफ एवं नर्सिंग के छात्र–छात्राओं ने प्रतिभाग किया ।



अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन



डॉ. नरेंद्र रूंगटा प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए



कार्यशाला का स्किल स्टेशन सत्र



कार्यशाला का प्रशिक्षण सत्र

# तिमाही विशेष

## धर्मावाला चिकित्सालय परिसर मंदिर में हनुमान ध्वजा का आरोहण

दिनांक 25 नवम्बर को प्रभु श्री राम–जानकी विवाह पंचमी के पावन पर्व पर धर्मावाला चिकित्सालय परिसर में स्थित मृत्युंजय महादेव मंदिर के शिखर पर प्रभु हनुमान जी की पवित्र पताका का आरोहण मंत्रोच्चार, शंखनाद व हनुमान जी के जयकारों के बीच अभिजीत मुहूर्त में संपादित किया गया। इस शाश्वत क्षण को अपने अन्दर समाहित करने हेतु चिकित्सालय के समस्त डॉक्टर्स, स्टाफ सदस्य, रोगी एवं उनके परिजनों ने पूर्ण श्रद्धा और भावनाओं के साथ सहभागिता की जिससे की सम्पूर्ण परिसर का वातावरण पूजनीय, भक्तिमय एवं ईश्वरीय हो उठा। यह भी एक दैवीय संयोग था की आज ही के दिन उसी समय अयोध्या के राम मंदिर के शिखर पर भी केसरिया धर्म ध्वज आरोहित किया जा रहा था।




**प्रभु हनुमान जी की पवित्र पताका**





**भक्त पताका को प्रणाम कर आशीष प्राप्त करते हुए**




**धर्मावाला मन्दिर**

# तिमाही विशेष

## धर्मावाला चिकित्सालय : दो दिवसीय पॉइंट ऑफ केयर अल्ट्रासाउंड (POCUS) इन क्रिटिकल केयर एवं इकोकार्डियोग्राफी (ECHO) कार्यशाला

अपने डॉक्टर्स एवं स्टाफ के ज्ञान तो अद्यतन रखने के लिए सोसाइटी सतत् प्रयासरत रहती है व समय–समय पर कार्यशालाओं का नियमित आयोजन कराती आ रही है। ऐसी ही एक कार्यशाला दिनांक 13 एवं 14 दिसम्बर को धर्मावाला चिकित्सालय में सफलतापूर्वक आयोजित की गयी। पॉइंट ऑफ केयर अल्ट्रासाउंड (POCUS) इन क्रिटिकल केयर एवं इकोकार्डियोग्राफी की इस दो दिवसीय कार्यशाला में इस चिकित्सीय विशेषज्ञता जगत से देश भर के प्रख्यात व अनुभवी फैकल्टीयों ने अपना अमूल्य योगदान देकर नवीनतम चिकित्सा पद्धतियों, तकनीकों और शोधों से अवगत कराया।

इस कार्यशाला के उद्घाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि सम्मिलित हुयीं प्रो. (डॉ.) गीता जैन, प्रधानाचार्य, सरकारी दून मेडिकल कॉलेज, देहरादून। इस कार्यशाला में अपना अमोलक ज्ञान दिया क्रिटिकल केयर क्षेत्र के अग्रणी डॉ. बिनाम्बर रे भुवनेश्वर से और डॉ. नरेंद्र रूंगटा धर्मावाला, देहरादून से एवं अन्य जाने–माने फैकल्टी जिसमें सम्मिलित रहे डॉ. केदार तोरस्कर, मुंबई से; डॉ. रुचिरा खासने, नासिक से; डॉ. प्रदीप डी'कोस्टा, पुणे से; डॉ. आर. डॉ. सुनील करंथ बेंगलुरु से; डॉ. विशाल भटनागर गाजियाबाद से व डॉ. विक्रम गुप्ता, वाराणसी से।

व्यावहारिक अनुभव, कौशल विकास और गहन चर्चा से पूर्ण इस कार्यशाला में कुल 31 डेलीगेट्स ने हिस्सा लिया और हैंड्स–ऑन ट्रेनिंग और एक्सपर्ट गाइडेंस से लाभ ले ज्ञानोपार्जन किया।

इस अवसर पर इस कार्यशाला से सम्बंधित एक पुस्तिका का भी विमोचन किया गया ।



कार्यशाला के दौरान चलता हुआ एक सत्र



कार्यशाला से सम्बंधित पुस्तिका का विमोचन




मंचासीन अतिथिगण



कार्यशाला के दौरान चलता हुआ एक प्रैक्टिकल सत्र

# प्रवास विशेष

## स्वामी विवेकानन्द धर्मार्थ चिकित्सालय, गंगोत्री धाम

पूर्ण विद्या ट्रस्ट तपस्यालयम, नेताला, उत्तरकाशी से स्वामिनी प्रमानन्दा अम्मा जी चिकित्सालय के प्रवास पर आयीं। पूजनीय अम्मा जी ने चिकित्सालय के सभी विभागों में उपलब्ध सुविधाओं के बारे में विस्तार से जाना एवं हरेक डॉक्टर्स व स्टाफ से भेंट की और उनका कुशलक्षेम पूछा। समस्त व्यवस्थाओं से अत्यंत प्रसन्न एवं प्रभावित हुयी व चिकित्सालय में हो रहे कार्यों की भूरी भूरी प्रशंसा करी। स्वामिनी प्रमानन्दा ने उत्तरकाशी चिकित्सालय हेतु एक मोबाइल मेडिकल वैन भी दानस्वरूप भेंट करी है।

श्री विजय मनोहर पुराणिक, अखिल भारतीय संयुक्त महामंत्री, राष्ट्रीय सेवा भारती, भोपाल केंद्र व अन्य राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, उत्तरकाशी के पदाधिकारियों का चिकित्सालय में भ्रमण हुआ। सभी अतिथियों ने चिकित्सालय में मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी ली एवं रोगियों से भी भेंट कर उनका कुशलक्षेम जाना। चिकित्सालय में मिलने वाली सुविधाओं से पधारे अतिथि अत्यंत प्रभावित हुए व चिकित्सालय के और अधिक प्रगति हेतु अपनी मंगल कामनाएं दीं।




**स्वामिनी प्रमानन्दा अम्मा जी स्टाफ से साथ**




**श्री विजय मनोहर पुराणिक गले में मफलर डाले हुए**

## 17 नवम्बर 2025 : स्वामी विवेकानन्द धर्मार्थ चिकित्सालय, पीपलकोटी

श्री चन्द्र शेखर जी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह प्रांत प्रचारक, उत्तराखंड व अन्य राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पदाधिकारियों का चिकित्सालय में प्रेरणादायी प्रवास रहा। अपने इस कृपापूर्ण आगमन के दौरान अतिथियों ने चिकित्सालय के सभी स्टाफ सदस्यगणों से बहुत ही आत्मीय और सरल भाव से भेंटवार्ता की। संवाद के क्रम में यहां हो रहे सेवा–कार्य, स्वास्थ्य सेवाओं तथा चिकित्सालय की कार्यप्रणाली की हृदय से प्रशंसा की।



**श्री चन्द्र शेखर जी बायें से चौथे**

## 10 अक्टूबर 2025 : स्वामी विवेकानन्द धर्मार्थ चिकित्सालय, पेटशाल

श्री राजकुमार मटाले, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय सह सेवा प्रमुख जी व अन्य राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पदाधिकारियों का चिकित्सालय में आगमन हुआ। सभी ने चिकित्सालय का भ्रमण किया, विभागों और सुविधाओं के बारे में जाना व सभी डॉक्टर्स व स्टाफ से शिष्टाचार भेंट की। समस्त चिकित्सालय परिवार द्वारा दी जा रही चिकित्सा सुविधाओं एवं सेवा भाव को देख सारे अतिथियों ने अत्यंत प्रसन्नता व्यक्त की और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।



**श्री राजकुमार मटाले जी दायें से तीसरे**

# विशेष चिकित्सा शिविर

## धर्मावाला : नियमित पाक्षिक यूरोलोजी शिविर

हर माह के दूसरे व अंतिम रविवार को धर्मावाला चिकित्सालय में गत आठ वर्षों से नियमित यूरोलोजी का शिविर लगाया जाता है जिनमें दिल्ली—आगरा व अन्य जगहों से प्रख्यात यूरोलोजिस्ट्स कि टीम अपनी सेवाएं देने हेतु आते हैं और हमें अनुगृहित करते हैं। इस तिमाही में कुल 6 शिविरों में 99 यूरो सर्जरी सफलतापूर्वक संपन्न की गयी। इनमें कई जटिल व आधुनिक प्रक्रियाएं थीं जो की कुछ ही बड़े चिकित्सालयों में होती हैं एवं उनका व्यय भी अत्यधिक होता है व निम्न आय वर्ग की पहुंच से परे होता है।



यूरोलोजिस्ट चिकित्सालय की टीम के साथ



सर्जरी के दृश्य

## धर्मावाला – स्पाइन सर्जरी शिविर : द स्पाइन फाउंडेशन (मुंबई) व होप फाउंडेशन (देहरादून) के सहयोग से आयोजित हुए स्पाइन सर्जरी शिविर

गत तीन वर्षों से नियमित रूप से वर्ष में दो बार द स्पाइन फाउंडेशन, मुंबई, होप फाउंडेशन, देहरादून व स्वामी विवेकानन्द हेल्थ मिशन सोसाइटी के सहभागिता से आयोजित हो रहे इन स्पाइन सर्जरी शिविरों में दुर्लभ व जटिलतम स्पाइन की सर्जरी सफलतापूर्वक संपादित की जा रही हैं। इस तिमाही 3 से 5 अक्टूबर 2025 तक आयोजित हुए इस इस धर्मार्थ शिविर में 12 से अधिक अत्यंत कठिन स्पाइन सर्जरी, द स्पाइन फाउंडेशन के ट्रस्टी व वरिष्ठ स्पाइन सर्जन डॉ. शेखर वाई. भोजराज एवं उनकी टीम द्वारा संपन्न करी गयीं। आर्थिक रूप से अशक्त रोगियों की सर्जरी का व्यय होप फाउंडेशन के द्वारा वहन किया गया। सोसाइटी द स्पाइन फाउंडेशन, मुंबई व होप फाउंडेशन, देहरादून का सहृदय आभार व्यक्त करती है।



डॉ शेखर वाई भोजराज व उनकी टीम धर्मावाला चिकित्सालय के स्टाफ के साथ





सर्जरी के दृश्य

# विशेष चिकित्सा शिविर

## माधव चिकित्सालय नारायणकोटी : सर्जरी शिविर

इस तिमाही में आयोजित हुए 3 शिविर व 34 ऑपरेशन। शिविर में यथार्थ हॉस्पिटल, नोएडा से जनरल व लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ एम. एम. हमीदी, ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ कपिल त्यागी जी व धर्मावाला चिकित्सालय से वरिष्ठ एनेस्थेटिस्ट डॉ सी बी वर्मा एवं जनरल व लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ नरेन्द्र सिंह चौहान ने अमूल्य सेवाएं प्रदान करीं।



नारायणकोटी

## स्वामी विवेकानन्द धर्मार्थ चिकित्सालय पीपलकोटी : सर्जरी शिविर

इस तिमाही में आयोजित हुए 4 शिविर व 18 ऑपरेशन। शिविर में यथार्थ हॉस्पिटल, नोएडा से जनरल व लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ एम. एम. हमीदी, आर्थोपेडिक सर्जन डॉ कपिल त्यागी और धर्मावाला चिकित्सालय से वरिष्ठ एनेस्थेटिस्ट डॉ सी. बी. वर्मा, जनरल व लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ नरेन्द्र सिंह चौहान ने सेवाएं दीं।



पीपलकोटी

## पेटशाल में नेत्र रोग शिविर

इस तिमाही में पेटशाल आयोजित हुए 6 नेत्र रोग शिविर में अल्मोड़ा से डॉ जे. सी. दुर्गापाल, नेत्र रोग विशेषज्ञ ने अपनी सेवाएं दी। इस नियमित नेत्र रोग शिविर में रोगियों की नेत्र जांच की गयी व जिन रोगियों को आपरेशन की आवश्यकता थी उन्हें अल्मोड़ा मेडिकल कॉलेज में बात कर के वहां भेजा गया व उचित मार्गदर्शन दिया गया ।



डॉ जे सी दुर्गापाल रोगी की नेत्र जांच करते हुए

# मल्टी डिसिप्लिनरी शिविर

## अपनी आहुति प्रदान करते हमारे चिकित्सक गण

### धर्मावाला

**कुल शिविर: 12**
**कुल लाभार्थी: 5444**

**यूरोलोजिस्ट**
डॉ. तेजस्वी कामरा
डॉ. विकास बंसल
डॉ. प्रशांत जैन
डॉ. आशुतोष कुमार सिंह
डॉ. अमित जेटली
डॉ. कुंवर विशाल सिंह

**न्यूरोसर्जन**
डॉ. गौरव धाकरे

**सर्जिकल ओंकोलोजिस्ट**
डॉ अजीत कुमार तिवारी

**गैस्ट्रो सर्जन**
डॉ. वेंकटारमणी रेड्डी

**प्लास्टिक सर्जन**
डॉ. कुश ऐरन

**जनरल फिजिशियन**
डॉ. एस. के. बक्शी

**स्पाइन सर्जन**
डॉ. शेखर भोजराज
डॉ. तारुष रुस्तगी
डॉ. प्रेमिक नागड
डॉ. सुगंध कापार्थी
डॉ. सुश्रुत राज
डॉ. प्रणीत पवसकर

**हड्डी रोग विशेषज्ञ**
डॉ. अनिल जुयाल

**चर्म रोग विशेषज्ञ**
डॉ. पी. के. सिंह

**स्त्री रोग विशेषज्ञ**
डॉ. पुनीता गुप्ता

**गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट**
डॉ. संजय कुमार शर्मा

**आयुर्वेदिक सर्जन एवं प्रोक्टोलॉजिस्ट**
डॉ. विनोद कुमार गुप्ता

### हरिद्वार

**कुल शिविर: 51**
**कुल लाभार्थी: 4,213**

**न्यूरोलॉजिस्ट**
डॉ. मुकेश कुमार

**हड्डी रोग विशेषज्ञ**
डॉ. ए. के. जैन

**त्वचा रोग विशेषज्ञ**
डॉ. अदिति वशिष्ठ
डॉ. आत्रेयो चक्रबर्ती

**मनोचिकित्सक**
डॉ. श्याम लता जुयाल

**स्त्री रोग विशेषज्ञ**
डॉ. अनुपम पटेल

**ई.एन.टी. विशेषज्ञ**
डॉ. एस. पी. सिंह

**यूरोलोजिस्ट**
डॉ. शिव नाथ मेहरोत्रा

**हृदय रोग विशेषज्ञ**
डॉ. देवव्रत साई

**ओरल एवं मैक्सिलोफेशियल सर्जन**
डॉ. अमित अग्रवाल

**जनरल सर्जन**
डॉ. अंकित जैन

**नेत्र रोग विशेषज्ञ**
डॉ. नीरज सिंह
डॉ. सुशील कुमार

### पेटशाल

**कुल शिविर: 17**
**कुल लाभार्थी: 446**

**फिजिशियन एवं मधुमेह विशेषज्ञ**
डॉ. नीलांबर भट्ट

**नेत्र रोग विशेषज्ञ**
डॉ. जे. सी. दुर्गापाल

**स्त्री रोग विशेषज्ञ**
डॉ. उषा उप्रेती

**न्यूरोसर्जन**
डॉ. गौरव पुरोहित

**हृदय रोग विशेषज्ञ**
डॉ. प्रमोद जोशी

### दिल्ली

**कुल शिविर: 08**
**कुल लाभार्थी: 1,460**

**हड्डी रोग विशेषज्ञ**
डॉ. सर्वेश पांडेय

**त्वचा रोग विशेषज्ञ**
डॉ. एस. भार्गव
डॉ. प्रतीक चौहान
डॉ. मानसी देशमुख

**जनरल फिजिशियन**
डॉ. अश्वनी राय
डॉ. मोतीलाल नेगी

**न्यूरोलॉजिस्ट**
डॉ. निलेश आर. जाधव

**हृदय रोग विशेषज्ञ**
डॉ. तरुण कुमार

**स्त्री रोग विशेषज्ञ**
डॉ. सुजाता गर्ग
डॉ. गुंजन मल्होत्रा
डॉ. विंध्या

# मल्टी डिसिप्लिनरी शिविर

## अपनी आहुति प्रदान करते हमारे चिकित्सक गण

## वृंदावन

**कुल शिविर: 11**
**कुल लाभार्थी: 2,912**

### बाल रोग विशेषज्ञ
डॉ. आकांक्षा यादव
डॉ. मुद्रिका गुप्ता
डॉ. वर्षा चौधरी
डॉ. अभिज्ञान चौधरी
डॉ. पूजा सिंह
डॉ. अंकिता
डॉ. प्रियंका
डॉ. वंदना
डॉ. संजय त्यागी
डॉ. दीपक पिप्पल

### जनरल सर्जन
डॉ. प्रभात यादव
डॉ. मनोज गुप्ता
डॉ. विक्रम सिंह

### मनोचिकित्सक
डॉ. सिमरत सिंधु
डॉ. कुणाल जिंदल
डॉ. पुलकित अग्रवाल

### स्त्री रोग विशेषज्ञ
डॉ. अदिति दुबे
डॉ. हुमा परवीन
डॉ. तलत नाज
डॉ. अरुणा सदारंगनी
डॉ. मीनल मिनेजीस

### हृदय रोग विशेषज्ञ
डॉ. राज कुमार गुप्ता

### हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. भाव्या जैन
डॉ. नीरज
डॉ. अमित
डॉ. निशांत कुमार
डॉ. प्रवीण शर्मा
डॉ. झील साकडासरिया

### त्वचा रोग विशेषज्ञ
डॉ. पार्थ अरोड़ा
डॉ. सृष्टि मित्तल
डॉ. नैन्सी सेठ
डॉ. अजीत कुमार
डॉ. सर्वेश कुमार कन्नोजिया
डॉ. निधि पाटिल

### ई.एन.टी. विशेषज्ञ
डॉ. प्राची तहिलियानी
डॉ. उज्जवल मेहरोत्रा
डॉ. अश्वनी त्रिपाठी
डॉ. साक्षी सिंह

### नेत्र रोग विशेषज्ञ
डॉ. दीपक
डॉ. अक्षय गौतम
डॉ. गुड़िया

### जनरल फिजिशियन
डॉ. भैरू यादव
डॉ. लक्ष्मीकांत
डॉ. प्रशांत अग्रवाल
डॉ. कबीर खरबंदा
डॉ. तरुण
डॉ. शशांक
डॉ. सौरभ तिवारी
डॉ. एस. के. मिश्रा
डॉ. अजय कुमार

### फिजिशियन
डॉ. विपुल जोशी

### न्यूरोसर्जन
डॉ. अजय बख्शी
डॉ. आशा बख्शी
डॉ. विशेष मोहन सक्सेना
डॉ. वैभव कलाने

### पेरियोडोंटिस्ट
डॉ. सुप्रिया

### आयुर्वेद
डॉ. कीर्ति

### इमरजेंसी मेडिसिन विशेषज्ञ
डॉ. चन्द्र प्रकाश गौतम

## उत्तरकाशी

**कुल शिविर: 9**
**कुल लाभार्थी: 440**

### हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. चरथ
डॉ. नितेश

### त्वचा रोग विशेषज्ञ
डॉ. नकुल उपाध्याय

### जनरल सर्जन
डॉ. मयंक डिमरी

### स्त्री रोग विशेषज्ञ
डॉ. सीता शर्मा
डॉ अनुपमा

### हृदय रोग विशेषज्ञ
डॉ. विकास सेमवाल

## लाल ढांग

**कुल शिविर: 2**
**कुल लाभार्थी: 231**

### स्त्री रोग विशेषज्ञ
डॉ. अनुपम पटेल

### बाल रोग विशेषज्ञ
डॉ. दीपांकर पंवार

### जनरल सर्जन
डॉ. निलेश गिरी

### हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. अन्नू अग्रवाल

# सामुदायिक स्वास्थ्य शिविर

**शिविर : 139      लाभार्थी : 8210**


350 बस्ती आंगनबाड़ी केंद्र, करोल बाग, दिल्ली


गोविंदपुरी राजीव बस्ती, हरिद्वार


किशनपुर, उत्तरकाशी



सरस्वती विद्या मंदिर, चमोली, पीपलकोटी



धारी पल्ली, बड़कोट



मनीआगर, पेटशाल


सरस्वती विद्या मंदिर, सांकरी, नारायणकोटी


पिसावा, वृन्दावन

# सामुदायिक कार्यक्रम

## माई पैड (मासिक धर्म स्वच्छता) कार्यक्रम – 'मेरी पहचान– खुद को जाने, खुद को पहचाने'





संपर्क किए गए गांव: 177 ( हमारे 80% लाभार्थी बुक्सा और जौनसारी जनजातियों के हैं )

| कुल | प्रारंभ से | इस तिमाही में |
|---|---|---|
| लाभार्थी | 11423 | 1387 |
| वितरित पैकेट | 83486 | 6561 |

## बाल गोकुलम (बच्चों में हिन्दू संस्कारों के विकास का साप्ताहिक कार्यक्रम)

**धर्मावाला, पेटशाल, बड़कोट, नारायणकोटी, पीपलकोटी, हरिद्वार, उत्तरकाशी, वृन्दावन व दिल्ली**

प्रत्येक रविवार को, सोसाइटी के चिकित्सालय नियमित रूप से बाल गोकुलम का आयोजन करते हैं, जो बच्चों में सांस्कृतिक और नैतिक मूल्यों के विकास के उद्देश्य से एक पहल है। ये कार्यक्रम चिकित्सालयों के साथ–साथ आस–पास के गांवों में किसी के भी घर पर भी आयोजित किए जाते हैं। हमारे चिकित्सालयों के आसपास रहने वाले और निकटवर्ती गांवों के बच्चे अत्यंत उत्साहपूर्वक इन कार्यक्रमों में भाग लेते हैं। बाल गोकुलम की गतिविधियों में मनोरंजक खेल, श्रीमद्भगवद्गीता के श्लोकों का पाठ, पंचतंत्र से कथा वाचन और योग आदि सम्मिलित हैं।

**आयोजित बाल गोकुलम सत्रों की कुल संख्या: 55 | भाग लेने वाले बच्चों की कुल संख्या: 643**



उत्तरकाशी



धर्मावाला

## स्तन कैंसर, गर्भाशय कैंसर एवं मासिक स्वच्छता पर जागरूकता सत्र

**आयोजित सत्रों की कुल संख्या: 8**

**प्रतिभागियों की कुल संख्या: 611**

धर्मावाला चिकित्सालय की कार्यकारी निदेशक डॉ ताराश्री सिंघल द्वारा नियमित रूप से पिछड़े एवं जनजातीय ग्रामों में गर्भाशय कैंसर, स्तन कैंसर एवं मासिक स्वच्छता पर जागरूकता सत्र लिए जा रहे हैं। इन सत्रों में गर्भाशय व स्तन कैंसर के बारे में, मासिक स्वच्छता के महत्व, लौह (Iron) युक्त आहार, संतुलित दिनचर्या, तथा योग एवं व्यायाम के लाभों पर विस्तार से चर्चा की जाती है। इसके अतिरिक्त समय–समय पर स्तन जांच का महत्व, स्तन व गर्भाशय कैंसर के कारण एवं लक्षण और स्वयं स्तन परीक्षण (Self-Breast Examination) की विधि का प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। साथ ही महिला स्वास्थ्य पर आधारित एक जागरूकता वीडियो भी प्रदर्शित किया जाता है।



शिवाजी शिशु निकेतन विद्यालय, बद्रीपुर



सेतराम विद्या मंदिर स्कूल, हर्बर्टपुर

# उत्सवों की झलकियां

## दीपावली



नारायणकोटी



उत्तरकाशी



पीपलकोटी



पेटशाल





धर्मावाला

# उत्सवों की झलकियां

## विजयादशमी



नारायणकोटी



श्री बद्रीनाथ धाम



हरिद्वार



पीपलकोटी



पेटशाल



बड़कोट







धर्मावाला

# आंकड़े


## पंजीकरण




## अन्य सेवाएं




## अल्ट्रासाउंड



# आंकड़े

| चिकित्सालय | सर्जरी (689) | |
|---|---|---|
| | मेजर | माइनर |
| धर्मावाला | 444 | 124 |
| हरिद्वार | 64 | 2 |
| नारायणकोटी | 20 | 14 |
| पीपलकोटी | 16 | 2 |
| उत्तरकाशी | 0 | 3 |
| **कुल** | **544** | **145** |

सर्जरी में शामिल हैं सामान्य, स्त्री रोग, यूरो, स्पाइन, ई.एन.टी., ऑर्थो, मैक्सिलो-फेशियल और नेत्र सर्जरी।

| चिकित्सालय | लैब टेस्ट | इमरजेंसी | एक्स-रे | ई.सी.जी. | डेंटल |
|---|---|---|---|---|---|
| धर्मावाला | 53094 | 877 | 4375 | 1702 | 1212 |
| उत्तरकाशी | 4403 | 32 | 593 | 167 | 494 |
| नारायणकोटी | 3501 | 155 | 588 | 140 | 78 |
| बड़कोट | 1054 | 51 | 467 | 41 | 374 |
| पीपलकोटी | 6137 | 352 | 536 | 217 | 475 |
| श्री बद्रीनाथ | 1995 | 610 | 122 | 78 | NA |
| पेटशाल | 2615 | 67 | 254 | 45 | 171 |
| श्री केदारनाथ | 1291 | 3163 | 258 | 58 | NA |
| हरिद्वार | 18176 | 305 | 1803 | 620 | 1969 |
| गंगोत्री | 78 | 41 | 17 | NA | NA |
| डुमेट | 24 | NA | NA | NA | 846 |
| दिल्ली | 751 | NA | NA | 11 | 314 |
| वृंदावन | 748 | NA | 730 | 61 | 284 |
| लाल ढांग | 200 | NA | 6 | 14 | NA |
| **कुल** | **94067** | **5653** | **9749** | **3154** | **6217** |

| सुविधाएं | धर्मावाला | हरिद्वार | कुल |
|---|---|---|---|
| एम आर आई | 840 | NA | **840** |
| सी टी स्कैन | 1316 | NA | **1316** |
| इको (ECHO) | 268 | NA | **268** |
| कैथ लैब प्रक्रियाएं | 42 | NA | **42** |
| एंडोस्कोपी | 138 | NA | **138** |
| यूरोफ्लोमेट्री | 117 | 20 | **137** |
| ऑडियोमेट्री | 46 | NA | **46** |
| स्पाईरोमेट्री | 12 | NA | **12** |

उपरोक्त सुविधाएं केवल धर्मावाला एवं हरिद्वार चिकित्सालयों में उपलब्ध हैं।

| **1,25,647** | **94,067** | **9,749** | **5,653** | **2,643** | **689** |
|---|---|---|---|---|---|
| पंजीकरण | लैब टेस्ट | एक्स-रे | इमरजेंसी | अल्ट्रासाउंड | सर्जरी |

# हमारे चिकित्सालयों की श्रृंखला




## सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः

**चार धाम साथी ऐप**
**डाउनलोड करने हेतु स्कैन करें**

**FOR DOMESTIC DONATIONS:**
State Bank of India
Swami Vivekanand Health Mission Society
A/C No: 32584491256
IFSC Code: SBIN0010626

**FOR INTERNATIONAL DONATIONS:**
State Bank of India
Swami Vivekanand Health Mission Society
A/c No. - 00000040181017724
IFSC Code- SBIN0000691
MICR - 110002087
Swift Code- SBININBB104

**दान देने के लिए**
**स्कैन करें**

**सभी दान 80G के तहत कर-मुक्त हैं।**

svhmuk@gmail.com
https://svhmuk.in
https://twitter.com/svhmuk/
https://www.facebook.com/svhmu/
https://www-instagram.com/svhmuk/
youtube.com/@swamivivekanandhealth missi7701

Published by: डॉ अनुज सिंघल (सचिव) 9410924299, On behalf of: स्वामी विवेकानन्द हैल्थ मिशन सोसाइटी Published at: B-207 पैसिफिक एस्टेट, अनुराग नर्सरी, कांवली रोड, देहरादून, उत्तराखण्ड-248001, Printed at: सरस्वती प्रेस, 2, ग्रीन पार्क, निरंजनपुर, देहरादून, उत्तराखंड - 248001